

## एक नजर में

### नीमच में अब तक औसत 155 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक औसत 155 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 262.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नीमच से प्राप्?त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 176.0 मि.मी., जावद में 150 मि.मी., सिंगोली में 162.2 मि.मी. एवं मनासा में 132 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 265.6 मि.मी.जावद में 266.0 मि.मी., सिंगोली में 333.4 एवं मनासा में 185 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 2 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 17.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में नीमच में 11, जावद में 38, मनासा में 5 एवं सिंगोली में 16.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### 7 मरीजों को डायलिसिस कराकर किया नए सत्र का शुभारंभ



**नीमच।** शहर की सामाजिक गतिविधियों में हमेशा आगे रहने वाली संस्था इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड ने सत्र 2026-27 का शुभारंभ सेवा कार्यों के साथ किया। क्लब द्वारा नीमच मानव सेवा समिति द्वारा संचालित डायलिसिस सेंटर पंहुचकर सात जरूरतमंद मरीजों के डायलिसिस का सहयोग प्रदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया। क्लब अध्यक्ष श्रीमती पायल गुर्जर ने कहा कि क्लब का उद्देश्य सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सरोकारों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुँचाना है तथा पूरे सत्र में विभिन्न जनहितकारी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम में सचिव श्रीमती दिव्या जैन, कोषाध्यक्ष प्रियंका नागदा, आईपीपी श्रीमती पूजा गर्ग, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सपना जैन, श्रीमती पूजा खंडेलवाल, श्रीमती रिंकी तापड़िया एवं आईएसओ श्रीमती डिंपल चांदना सहित क्लब की सदस्याएँ उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी क्लब एडिटर श्रीमती जयंती एनिया द्वारा प्रदान की गई।

### जिला चिकित्सालय की लिफ्ट चालू करने की मांग

**नीमच।** जिला चिकित्सालय के के ट्रामा सेन्टर में लगी लिफ्ट जो कि आईसीयू और अन्य ऊपरी वार्डो तक स्ट्रेचर व व्हीलचेयर से आने जाने वाले मरीजों के लिए बेहद मददगार है जो कि विगत दिनों से बन्द पड़ी है जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों बुर्जूग, महिला, विकलांग आदि जनों को को उपर जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा भारत के प्रदेश सचिव योगीराज रंजन स्वामी ने जिलाधीश महोदय से मांग की है कि अतिशीध्र जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेन्टर में लगी लिफ्ट को चालु की जायें ताकि मरीजों को राहत मिल सकें।

### चोरी गया 8 लाख 60 हजार रुपये का ट्रैक्टर 30 घंटे के अंदर किया बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार



**मनासा।** पुलिस अधीक्षक जिला नीमच राजेश व्यास के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी मनासा शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में, संपत्ति संबंधी अपराधों एवं चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना प्रभारी मनासा निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम मनासा द्वारा ट्रैक्टर ढूंढ निकालने में एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। घटना का संक्षिप्त विवरण फरियादी के लाल रंग का महेन्द्रा कम्पनी का युबो टेक प्लस 575 ट्रैक्टर को अज्ञात बदमाश दिनांक 28-29 जुन 2026 की दरमियानी रात्रि में चोरी कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर दिनांक 30 जून 2026 को थाना मनासा में अपराध क्रमांक 319/26 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीम मनासा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राहुल पिता कमल सिंगार जाति भील उम्र 20 साल निवासी बईडा तह. किशनगढ थाना पाटन जिला बासवाडा राजस्थान हा, मु भाटखेडी बुजुर्ग थाना मनासा को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया है। बरामदगी- लाल रंग का महेच्द्रा कम्पनी का युवो टेक प्लस 575 ट्रैक्टर मय सीडील (कीमती करीबन 860,000 रुपये) शत-प्रतिशत बरामद किया गया। सराहनीय कार्य उक्त सराहनीय एवं त्वरित कार्रवाई में विवेचक श्री निलेश अवस्थी थाना प्रभारी मनासा, उप निरीक्षक तेजसिह सिसोदिया, सउनि दिलीप कुमार कलमोदीया, प्र आर नेरन्द्र मालवीय आर ईश्वर चौहान आर पींकेश मोगिया, आर विनोद भाटी की मुख्य व सराहनीय भूमिका रही।

### एआई से भविष्य संवारने के गुर सीख रहे विद्यार्थी, भारत विकास परिषद ने आयोजित की दो दिवसीय कार्यशाला

नीमच। डिजिटल युग में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा, नीमच द्वारा *ÒAI for Your Future* - एआई का उपयोग अपने भविष्य के लिए' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया, जिसमें 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में संयुक्त राज्य अमेरिका से आई एआई विशेषज्ञ अरुषा गोयल ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आधुनिक तकनीकों, उसके व्यावहारिक उपयोग और जिम्मेदार इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि भविष्य की सबसे प्रभावशाली कार्यशक्ति है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पत्रकारिता, व्यवसाय और रोजगार सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर सृजित कर रही है। उन्होंने *ChatGPT*, *Gemini* और *Claude* जैसे जनरेटिव एआई प्लेटफॉर्म का लाइव प्रदर्शन करते हुए प्रभावी प्रॉम्प्ट तैयार करने, डेटा विश्लेषण, रचनात्मक समस्या समाधान तथा करियर निर्माण में एआई के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही एआई के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग पर भी विशेष जोर दिया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में कानाखेड़ा में मनाया बावड़ी उत्सव

**नीमच। मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम कानाखेड़ा स्थित राममोहला प्राचीन बावड़ी परिसर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। जल संरक्षण एवं परंपरागत जल स्त्रोतों के संवर्धन का संदेश दिया गया।**

**शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं तिलक-वंदन के साथ हुआ। मंदिर के मुख्य पुजारी महंत राघव गुरुजी एवं 100 वर्षीय रामचंद्र जी पुरोहित ने बावड़ी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका निर्माण लगभग 16 माह में हुआ था तथा निर्माण कार्य के लिए राजस्थान से कुशल मिस्त्रियों को बुलाया गया था।**



### लोगों ने पानी बचाने का लिया संकल्प

उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज चार पीढ़ियों से इस ऐतिहासिक बावड़ी का संरक्षण करते आ रहे हैं और आज भी यह ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण जल स्त्रोत बनी हुई है। जिला समन्वयक नवनीत रत्नाकर ने बताया कि 19 मार्च से 30 जून तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिलेभर में नदी, तालाब, कुएँ एवं बावड़ियों की साफ-सफाई, गहरीकरण तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने अभियान में जिला प्रशासन, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्थाओं, सुरेश लोक शिक्षण समिति, ग्रीन विजन सेवा फाउंडेशन, जय श्री आरोग्य जन कल्याण समिति की टीना गर्ग, परामर्शदाताओं, सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया तथा सभी उपस्थितजनों ने वर्षा जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के संवर्धन एवं अधिकाधिक वर्षा जल को धरती में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र चौहान ने किया।

## वाहन चोरी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई छह बिना नंबर की गाड़ियां जब्त

**मनासा।** क्षेत्र में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर मनासा पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम हाड़ी पिपल्या डेरे में दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने डेरे से 6 बिना नंबर की संदिग्ध गाड़ियां जब्त की। सभी जब्त वाहन मनासा थाने लाए गए हैं, जहां उनके संबंध में जांच की जा रही है।



थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी ने बताया कि करीब 100 पुलिस जवानों की टीम के साथ गांव में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों की तलाशी ली, जहां से बिना नंबर की गाड़ियां बरामद हुईं। इन वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ये वाहन चोरी के हैं या नहीं। दबिश के दौरान पुलिस को मौके से कच्ची शराब भी मिली, जिसे तत्काल नष्ट कर दिया गया। मामले में जब्त वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

## आरसेटी में इसी महीने विभिन्न ट्रेडों में शुरू होगा नि :शुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण

▶ ग्रामीण युवक-युवतियों और महिलाओं से पंजीयन कराने की अपील

**नीमच।** केंद्र सरकार द्वारा कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) नीमच द्वारा जुलाई माह में विभिन्न ट्रेडों में नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से ग्रामीण युवक-युवतियों एवं महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

संस्थान के निदेशक ने बताया कि सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क होंगे। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवास, भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था भी संस्थान द्वारा नि:शुल्क की जाएगी। जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार मछली पालन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण 07 जुलाई से, व्यवसायिक बागवानी एवं फूलों की खेती का 12 दिवसीय प्रशिक्षण 09 जुलाई से तथा बकरी पालन का 12 दिवसीय प्रशिक्षण 13 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा। इसी प्रकार महिलाओं के लिए 31 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण 18 जुलाई से तथा 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण 21 जुलाई 2026 से प्रारंभ किया जाएगा।

## महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

**नीमच। महावीर इंटरनेशनल के स्थापना दिवस पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत अपेक्स द्वारा घोषित 1 से 14 जुलाई तक आयोजित सेवा कार्यों की श्रृंखला में प्रथम दिवस पर 'खुशियों का बाजार' अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य घरों में अनुपयोगी लेकिन उपयोगी वस्तुओं को जरूरतमंद परिवारों तक सम्मानपूर्वक पहुंचाकर उनके जीवन में खुशियां लाना तथा समाज में सेवा, संवेदना एवं पुन: उपयोग की भावना को बढ़ावा देना है।**

इसी क्रम में महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी, नीमच द्वारा बुधवार सुबह 11 बजे भागेश्वर मंदिर के पास स्थित



झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में 'खुशियों का बाजार' लगाया गया। इस दौरान जरूरतमंद महिलाओं, पुरुषों, बच्चों एवं युवाओं को सुव्यवस्थित एवं उपयोगी वस्त्र वितरित किए गए। वस्त्र प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट दिखाई दिया।

> कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक वस्त्रों का वितरण किया गया। पूरे आयोजन का सफल संचालन महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी की अध्यक्ष रजिया अहमद के नेतृत्व में हुआ, जबकि डिप्टी डायरेक्टर वूमन्स इंपावरमेंट आशा साभर का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पूर्व गवर्निंग काउंसिल सदस्य मनोहरलाल बंब, के.के. जैन, महावीर प्रवाह के सह-संपादक एवं महावीर इंटरनेशनल केंद्र अध्यक्ष प्रदीप धाकड़, सचिव जितेंद्र सकलेचा, कोषाध्यक्ष पाल मारू सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स-डे और सीए-डे पर रोटरी क्लब मनासा ने किया सम्मान समारोह

▶ 11 चिकित्सक एवं 3 चार्टर्ड अकाउंटेंट हुए सम्मानित!

**मनासा।** रोटरी वर्ष 2026-27 के प्रथम दिवस 1 जुलाई को रोटरी क्लब मनासा द्वारा इंटरनेशनल डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित कर नगर के 11 चिकित्सकों एवं 3 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम क्लब के अध्यक्ष रोटे. दिनेश वधवा,



सचिव रोटे. शैलेन्द्र सोनी एवं कोषाध्यक्ष रोटे. राधेश्याम सोनी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट एवं समर्पित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉ. सर्वेश मारू, डॉ. राधिका मारू, डॉ. महेश मजेजी, डॉ. मनोज संगई, डॉ. सुरेश मजेजी, डॉ. दीपांश जोशी, डॉ. रिया जोशी, डॉ. मिली बसेर, डॉ. स्वाति जैन, डॉ. सुष्मिता जाट एवं डॉ. वंशिका छाबड़ा को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय आर्थिक विकास, वित्तीय अनुशासन एवं उत्कृष्ट पेशेवर सेवाओं के लिए सी.ए. रूचित सचदेवा, सी.ए. आशुतोष झंवर एवं सी.ए. राधिका मजेजी का भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

## नगर पालिका घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस ने जांच के लिए गठित की तीन सदस्यीय कमेटी

**नीमच।** नीमच नगर पालिका परिषद में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति और पार्षद प्रतिनिधि शराफत हुसैन के बीच हुए घटनाक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी ने बेहद गंभीरता से लिया है। पूरे मामले की पूरी निष्पक्षता से समीक्षा करने और सांगठनिक अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने एक तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है।

जिला प्रवक्ता भगत वर्मा एवं मनोहर अम्ब ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समिति में सदस्य के रूप में डॉ. पृथ्वीसिंह वर्मा, एडवोकेट महेश पाटीदार और संदीप चौधरी को शामिल किया गया है। यह समिति पूरे घटनाक्रम के सभी पहलुओं को समझेगी और दोनों पक्षों से बातचीत कर निष्पक्ष जांच रिपोर्ट तैयार करेगी।





## विकसित भारत गारंटी मिशन से ग्रामीण रोजगार और आजीविका को मिलेगी नई गति : विधायक परिहार

**नीमच।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं महाजीविका मिशन (ग्रामीण) का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नीमच जिले में भी ग्रामीण विकास एवं आजीविका सशक्तीकरण को लेकर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम किए गए।

नीमच विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरभड़िया में आयोजित कार्यक्रम में मिशन के राष्ट्रीय शुभारंभ का सीधा प्रसारण देखा गया तथा ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों को मिशन की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं महाजीविका मिशन (ग्रामीण) का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करना, स्थायी आजीविका के साधनों को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि, स्वरोजगार को प्रोत्साहन, महिला सशक्तीकरण और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस रहेगा।

## जाजू कन्या महाविद्यालय के दीक्षारंभ में छात्राओं ने दिया परिचय

▶ छात्राओं ने जाना महाविद्यालय का परिवेश

**नीमच। श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का दूसरा दिन उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आइस-ब्रेकिंग सत्र से हुई, जिसमें नवप्रवेशित छात्राओं ने एक-दूसरे से परिचय कर नई मित्रता की और अपनी साथी छात्रा के बारे में पांच महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए समूह के समक्ष परिचय प्रस्तुत किया। इस गतिविधि का संचालन प्रो. नेहा इंग्लै ने किया।**

इसके बाद छात्राओं को महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया। संबंधित प्राध्यापकों ने उन्हें विषयों के अध्ययन, प्रयोगात्मक कार्य एवं



शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी ने छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रवेश प्रभारी डॉ. हीर सिंह राजपूत ने बताया कि आगामी दो दिनों में नई शिक्षा नीति, मानसिक स्वास्थ्य, आंतरिक मूल्यांकन तथा बहुविषयक विषय चयन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में खेल अधिकारी डॉ. महेंद्र राव ने छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक संतुलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोचक खेल गतिविधियों का आयोजन कराया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर | इनरव्हील और रोटरी डायमण्ड ने किया संयुक्त आयोजन

### 27 डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट का किया सम्मान

**नीमच।** सेवा के लिए समर्पित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था इनरव्हील क्लब एवं रोटरी क्लब डायमण्ड के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्र के सबसे बड़े हॉस्पिटल ज्ञानोदय मल्टी स्पेश्यलिटी में डॉक्टर्स डे एवं सी.ए. डे का आयोजन साआनन्द सम्पन्न हुआ।

रोटरी के डिस्ट्रिक सोशल मीडिया प्रमोशन चेयरमैन आशीष गर्ग एवं इनरव्हील पूर्व अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ज्ञानोदय मल्टी स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल में 27 डॉक्टर्स एवं 02



सी.ए. का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ रोटरी के पूर्व अध्यक्ष रोटे. आशीष गर्ग द्वारा चतुर्वेदी मंत्र का वाचन किया इनरव्हील प्रार्थना का वाचन सचिव अल्का श्रीवास्तव द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष गुणवंत जैन एवं सिम्मी सलूजा ने प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया ने कहा डॉक्टर का कार्य बहुत ही संवेदनशील है उसे पूर्ण निष्ठा, मेहनत और लगन से इस कार्य को करना चाहिए।

कार्यक्रम अध्यक्ष आई.एम.ए. सचिव डॉ. आदित्य भण्डारी ने हर व्यक्ति को हेल्थ बीमा करवाने पर जोर दिया उन्होंने कहा प्रतिदिन एक चाय की कीमत पर हेल्थ बीमा हो सकता है जो व्यक्ति को बड़ी से बड़ी बीमारी में आर्थिक सम्बल प्रदान कर सकता है। ज्ञानोदय मल्टी हॉस्पिटल का परिचय डॉ. प्रदीप जैन ने दिया।



## डॉक्टरों के योगदान को किया नमन

**नीमच।** सेवा एवं संस्कार की भावना से प्रेरित भारत विकास परिषद, मुख्य शाखा नीमच द्वारा 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों का उनके समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद परिवार के सम्मानित डॉक्टर सदस्यों एवं परिषद द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता परिचर्चाओं में मार्गदर्शन प्रदान करने वाले चिकित्सकों का उनके क्लीनिक एवं नर्सिंग होम पर पहुंचकर दुपट्टा एवं प्रशस्ति शील्ड भेंट कर सम्मान किया गया ।इस अवसर पर डॉ. अशोक जैन, डॉ. स्वप्निल वधवा, डॉ. निलेश पाटीदार, डॉ. अनूप मंगल एवं डॉ. सुरभि मंगल का सम्मान किया गया।